<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 22.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड विधानसभा का रजत जयंती समारोह आज, शहीद जवानों के आश्रितों, खिलाड़ियों समेत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान, राज्यपाल और मुख्यमंत्री होंगे शामिल।

2. सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत राज्यभर में लगाये गये विशेष शिविर, पहले दिन 58 हजार से ज्यादा आवेदन हुए प्राप्त, कई मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन।

3. अवैध कोयला खनन मामले में धनबाद और दुमका में ईडी की छापेमारी में दो करोड़ रुपये से अधिक के कैश बरामद, लाखों के जेवरात और निवेश के दस्तावेज भी जब्त।

4. झारखंड के संकुल स्तरीय संगठनों ने हासिल की बड़ी उपलब्धित, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर मिला सम्मान।।
5. उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन, पांच स्वर्ण सहित 10 पदकों पर जमाया कब्जा।

****

झारखंड विधानसभा का रजत जयंती समारोह आज विधानसभा परिसर में मनाया जायेगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार इसका उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। रजत जयंती समारोह के पहले सत्र में सम्मान समारोह होगा। इस दौरान उत्कृष्ट विधायक और विधानसभाकर्मियों के अलावा शहीद जवानों के आश्रितों, खिलाड़ियों समेत उत्कृष्ट कार्य करने वाल अन्य लोगों को भी सम्मानित किया जायेगा। दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि इस वर्ष का स्थापना दिवस काफी खास है और इसे यादगार बनाने की तैयारी की गयी है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पूरे राज्य में सेवा का अधिकार सप्ताह शुरु किया गया है। इस पहल के पहले दिन विभिन्न प्रखंडों में लगाये गये विशेष शिविरों में 58 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। कई समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। यह अभियान 28 नवंबर तक चलेगा। राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने स्पष्ट किया है कि शिविरों में आने वाली शिकायतों और आवेदनों को यथासंभव उसी समय निपटाया जाये।

****

अवैध कोयला खनन और कथित वित्तीय अनियमितता से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय, इडी द्वारा कल धनबाद और दुमका में कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर की गयी छापेमारी में दो करोड़ से ज्यादा कैश मिले हैं। इसके अलावा लाखों रुपये के आभूषण, निवेश और संपत्ति के दस्तावेज और डिजिटल लेन–देन के साक्ष्य भी जब्त किये गये हैं।

****

गिरिडीह जिले के गांडेय प्रखंड में धनवंतरी इको पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। डीएफओ मनीष तिवारी ने बताया कि 12 एकड़ भूमि पर इस पार्क का निर्माण हो रहा है, जहां 150 प्रकार की जड़ी–बूटियां लगाई गई हैं। डीएफओ ने कहा कि यह पार्क स्थानीय लोगों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा।

****

महिला अभिवृद्धि सोसायटी द्वारा हैदराबाद में आयोजित एसएचजी फेडरेशन अवार्ड 2025 में चतरा जिले के धनकेरी और बनहे संकुल स्तरीय संगठन ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड स्थित बगुरिया संकुल स्तरीय संगठन को पूर्वी क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

****

खूंटी जिले में शिम्बुकेल गांव के पास कल शाम एक कंटेनर और बाइक के बीच टक्कर में बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक चार वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

****

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आज तीसरा दिन है, जिसमें सिनेमा, प्रतिभा और वैश्विक भागीदारी का जीवंत मिश्रण देखने को मिलेगा। आकाशवाणी समाचार अपनी विशेष ऑन–ग्राउंड कवरेज के ज़रिए आपको ताज़ा अपडेट्स प्रदान करता है।

****

लोहरदगा में पहली बार जिला स्तरीय आईसीटी चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसका उदेश्य छात्रों में डिजिटल साक्षरता, तकनीकी कौशल और नवाचार को बढ़ावा देना है।

****

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की अगुवाई में उत्तर प्रदेश गए झारखंड की खिलाड़ियों ने 69वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण और चार रजत समेत 10 पदक हासिल किये। बालिका वर्ग में झारखंड की टीम ओवरऑल चौंपियन रही। बालक और बालिका दोनों वर्गों में झारखंड को फर्स्ट रनर–अप का सम्मान भी प्राप्त हुआ।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

- रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने झारखंड और बंगाल में कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
- हिन्दुस्तान ने लिखा है– छह दिन मौसम में बदलाव नहीं, 27 के बाद छायेगा कोहरा।
- दैनिक भास्कर के शब्द हैं– सीबीएसई 10वीं के दूसरे सेशन में अधिकतम तीन पेपर का मौका, 12वीं में अभी एक ही परीक्षा।
- प्रभात खबर लिखता है– वित्तीय वर्ष के सात माह बीत जाने के बाद जैक का बजट पारित किया गया।
- दैनिक जागरण ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हवाले से लिखा है– टेंडर नियमों में होगा बदलाव।

****